संख्या - 2445 दिनांक - 08/05/2026

आई.सी.ए.आर. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल -132001

<u>नीलामी सूचना</u>

कार्य का नाम: परित्यक्त बोरवेल केसिंग पाइपों का उत्खनन एवं प्रतिशत आधारित राजस्व साझेदारी के माध्यम से स्क्रैप निस्तारण

क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल परिसर में वर्ष 1976-1981 के दौरान स्थापित एवं वर्तमान में सामान्यतः अनुपयोगी/ परित्यक्त बोरवेल केसिंग पाइपों (आमतौर पर लोहे के) के उत्खनन, निष्कासन एवं स्क्रैप सामग्री के निस्तारण हेतु योग्य एवं अनुभवी ठेकेदारों/स्क्रैप विक्रेताओं को निर्धारित शर्तों के अधीन नीलामी में भागीदारी हेतु आमंत्रित किया जाता है।
क्षेत्रीय स्टेशन परिसर के विभिन्न स्थलों (3-4) पर परित्यक्त भूमिगत बोरवेल केसिंग एवं डिलीवरी पाइप उपलब्ध हैं। भूमिगत बोरवेल (4-5) केसिंग पाइपों का व्यास, गहराई, जंग की स्थिति तथा वास्तविक वजन पूर्व निर्धारित नहीं है स्थान के अनुसार एवं परिवर्तनीय है और इसकी कोई गारंटी नहीं दी जाती है।

कार्य स्थल निम्नानुसार है:

1. जनरल एरिया / ब्लॉक-A/GA - 1 स्थान
2. ब्लॉक A-3/A - 2 स्थान
3. ब्लॉक नं. 6/C - 1 स्थान
4. ब्लॉक नं. 2/B - 1 स्थान

नीलामी का विवरण:

- निविदा दिनांक 08/05/2026 से 29/05/2026 के बीच ऑफिस के किसी भी कार्यदिवस में समय: दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक बॉक्स में डाली जा सकती है।
- निविदा खोलने का समय: 29/05/2026 अपराह्न 4:00 बजे
- स्थान :समिति कक्ष, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल का कार्यालय
- क्योंकि यह ज्ञात नही है तो न्यूनतम आरक्षित प्रतिशत: 46
- सभी निविदा बंद लिफाफे में जमा की जाएंगी। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। निविदा भेजने पर कोई क्षति/देर के लिए यह स्टेशन जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
- सर्वाधिक प्रतिशत देने वाला निविदाकर्ता चयनित होगा।

कार्य की प्रकृति:

- भूमिगत लोहे के केसिंग पाइपों का संरचनात्मक क्षति एवं दुर्घटना से बचाव करते हुए सुरक्षित एवं समुचित उत्खनन
- साइट की सुरक्षा सुनिश्चित करना
- निकाली गई सम्पूर्ण सामग्री (मोटर को छोड़कर) का वजन कराना एवं स्टेशन के अधिकारी की उपस्थिति में बेचना

- राजस्व साझेदारी के आधार पर संस्थान को निर्धारित प्रतिशत का भुगतान करना
- स्थल को समतल करना एवं सुरक्षित बनाना
- उत्खनन के बाद जगह समतल करने के लिए सिर्फ मिट्टी लेने के लिए जगह स्टेशन अपने परिसर में स्थान निर्धारित करेगा।

महत्वपूर्ण शर्तें

1. निविदाकर्ता के पास अपनी मशीन होनी आवश्यक है एवं उसका पंजीकरण प्रमाण/ एफिडेविट इत्यादि निविदा दस्तावेजों के साथ संलग्न करे।
2. निविदा से पूर्व साइट निरीक्षण अनिवार्य। ठेकेदार स्वयं साइट निरीक्षण कर संतुष्टि प्राप्त करे।
3. कार्य "जैसा है जहाँ है" आधार पर होगा।
4. पाइपों की गहराई/मात्रा/वजन की कोई गारंटी नहीं दी जाएगी।
5. सफल बोलीदाता उत्खनन, श्रम, मशीनरी एवं सुरक्षा के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. कार्य के दौरान किसी दुर्घटना/हानि की स्थिति में संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।
7. उत्खनन से किसी अन्य संरचना/भूमि/फसल को क्षति होने पर पूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा।
8. निकाली गई स्क्रैप सामग्री का वजन संस्थान प्रतिनिधि की उपस्थिति में अधिकृत वेब्रिज (धर्मकांटा) पर कराया जाएगा।
9. प्राप्त स्क्रैप मूल्य का निर्धारित प्रतिशत (निविदा अनुसार) संस्थान को देय होगा। संस्थान के हिस्से का भुगतान प्रत्येक खेप से पूर्व 100% अग्रिम।
10. कार्य अवधि: कार्य आदेश की तिथि से 30 दिवस के भीतर पूर्ण करना होगा।
11. जिस दिन खेप निकलेगी उस दिन कम से कम 3 कबाड़ व्यापारी से स्क्रैप का मार्केट रेट लगा कर औसत किया जाएगा।
12. सुरक्षा जमा रु.25,000/- (डिमांड ड्राफ्ट/ नकद के रूप में) असफल प्रतिभागियों को नीलामी पश्चात लौटाई जाएगी।
13. सफल बोलीदाता को रु.50,000/- कार्य आदेश से पूर्व जमा करना होगा।
14. प्रत्येक उठान से पूर्व संस्थान के हिस्से का अग्रिम भुगतान
15. अंतिम समायोजन वास्तविक वजन के आधार पर
16. कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्थल समतल एवं सुरक्षित किया/ छोड़ा जाना अनिवार्य होगा। स्थल समतल एवं सुरक्षित स्थिति में जाएगा।
17. उक्त शर्तों का पालन न करने पर कार्यादेश निरस्त किया जा सकता है।
18. विवाद की स्थिति में अध्यक्ष,आई.सी.ए.आर. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल -132001/ निदेशक, ICAR–IARI का निर्णय अंतिम होगा।
19. उपरोक्त क्रम संख्या 1 से 18 तक सभी शर्ते स्वीकार है। इसकी लिखित में स्वीकृति देनी होगी।

शिवकुमार यादव
08/05/2026

अध्यक्ष

अध्यक्ष/Head
भाकृअनुप-भा.कृ.अ.स., क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल-132001
ICAR-IARI, Regional Station, Karnal-132001

08/5/26

फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)

1. निविदा देने वाले का नाम :

2. पत्राचार का पता :

3. दूरभाष संख्या :

4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय 29 मई, 2026 सायं 4:00 बजे

प्रक्षेत्र	कार्य	प्रतिशत
आई.सी.ए.आर. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल -132001	परित्यक्त बोरवेल केसिंग पाइपों का उत्खनन एवं प्रतिशत आधारित राजस्व साझेदारी के माध्यम से स्क्रैप निस्तारण	

नाम ____________________________

तिथि __________________________

मोबाइल नं .________________________

ईमेल ______________________________

ठेकेदार के हस्ताक्षर निविदाकार की स्टाम्प सहित